**BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL, PATIALA**
**FINAL EXAMINATION (3 March 2026)**
**Subject : Hindi (Set - A)**
**Class - IV**

**Time: 3 hrs.** **MM: 80**

प्र1. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो। (5)

1) निरंतर 2) उपयोगिता 3) आमदनी 4) संकोच 5) उपाधि

प्र2. पर्यायवाची शब्द (कोई दो) (5)

1) शरीर 2) रास्ता 3) आनंद 4) औरत 5) इच्छा

प्र3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्दः (5)

क) जो छोटा भाई हो -

ख) जो गाता है -

ग) जो नए जमाने का हो -

घ) जो दूसरों का उपकार मानता हो -

ङ) जो दिन में रोज़ होता है -

प्र4. मुहावरे (Matching) (5)

| | |
|---|---|
| 1) उल्लू बनाना | धोखेबाज़ |
| 2) हवा से बातें करना | रुकावट डालना |
| 3) चार सौ बीस | मूर्ख बनाना |
| 4) टाँग अड़ाना | शिकायत करना |
| 5) कान भरना | बहुत तेज़ दौड़ना |

प्र5. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाओः (3)

1) मदद 2) इनाम 3) परिश्रम

प्र6. लिंग बदलो (3)

1) नेता 2) डिब्बा 3) सियार 4) साधु 5) सेवक 6) भाई

प्र7. वचन बदलो (3)

1) कौआ 2) दवाई 3) वह 4) पैसा 5) चाबी 6) अमीर

प्र8. विलोम शब्द (3)

1) आदर 2) स्वर्ग 3) पुरस्कार 4) राजा 5) रोगी 6) शुभ

प्र9. गिनती लिखो। (4)

| | |
|---|---|
| 1) 6 - (छह / छेह) | 5) पैंतीस - |
| 2) 29 - (उणतीस / उनतीस) | 6) सोलह - |
| 3) 44 - (चबालिस / चवालीस) | 7) पाँच - |
| 4) 19 - (उन्नीस/ उन्नीस) | 8) उनचास - |

Scanned with OKEN Scanner

प्र10. विराम चिह्न लगाओः (3)

क) बच्चा खेल रहा है

ख) मै बाज़ार से पेंसिल किताब और कलम लाया

ग) अरे तुम कब आए

घ) वह क्या कर रहा है

प्र11क) क्रिया के कितने भेद है? उनके नाम लिखो। (4

ख) क्रिया छाँटो

क) वर्षा हो रही है।

ख) लड़की बाल काट रही है।

प्र12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो। **(One sentence)** (!

क) मंत्री राजा को कहाँ पर ले गया?

ख) राजा के पैर में चुभा काँटा किसने निकाला?

ग) ग्लेन को बचपन से क्या शौक था?

घ) पेड़ निरंतर क्या खींचते रहते है?

ङ) ग्लेन ने खेती की आमदनी से क्या खोला?

प्र13. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखो।

क) पेड़ों के उपकार का बदला हम किस प्रकार चुका सकते है?

ख) कोयले पर तेल डालते ही क्या हुआ?

ग) राजा जयसिंह का स्वभाव कैसा था और उसने दरबारियों से क्या प्रश्न पूछा?

प्र14. सही शब्द पर(✓) का निशान लगाओ। **(MCQ)**

1) ग्लेन ने सन् 1933 में कौन सा पदक जीता?

क) रजत पदक ☐ ख) स्वर्ण पदक ☐

2) जयसिंह कहाँ के राजा थे?

क) जयपुर ☐ ख) बीकानेर ☐

3) पेड़ हमारी ............. है।

क) ज़िदंगी ☐ ख) जींदगी ☐

4) वन का अर्थ क्या है?

क) जंगल ☐ ख) पेड़ ☐

5) मंत्री चंद्रभान बहुत बुद्धिमान था।

क) गलत ☐ ख) सही ☐

6) राजा को पानी किसने पिलाया?

क) दरबारी ने ☐ ख) बुढ़िया ने ☐

7) सही शब्द पर(✓)करो।

क) आश्रित ☐ ख) आर्क्षित ☐

Scanned with OKEN Scanner

8) 'संसार में सबसे कीमती चीज़ क्या है?' ये शब्द किसने कहे।

क) मंत्री ने ☐  ख) राजा ने ☐

9) ग्लेन का मज़ाक किसने उड़ाया.?

क) पड़ोसी ने ☐  ख) दोस्त ने ☐

10) बच्चे ने कैसे रहने का इरादा कर लिया?

क) ज़िंदा ☐  ख) बीमार ☐

प्र15. पिताजी को परीक्षा परिणाम बताते हुए पत्र लिखो। (6)

अथवा

मित्र/ सखी को उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखो।

प्र16. अपठित गद्यांश (10)

'उद्यान की सैर'

हम नित्य प्रातः उद्यान की सैर करते है। उद्यान में नीम, पीपल, अमलतास, गुलमोहर और आम के पेड़ है। रंग-बिरंगे फूलों की क्यारियाँ है। उद्यान के बीच में एक फव्वारा है। उसके चारों ओर छोटा-सा तालाब है, जिसमें रंग-बिरंगी मछलियाँ और कमल के फूल है। वसंत का मौसम आते ही उद्यान महक उठता है। आम के पेड़ पर कोयल कूकने लगती है। फूलों पर तितलियाँ और भौंरे मँडराने लगते है। शीतल-मंद-सुगंधित हवा बहने लगती है। इस मौसम में तो सुबह की सैर का आनंद दुगुना हो जाता है। इस उद्यान को सुंदर रूप दिया है, इसके माली गुनीराम ने। हम सब उद्यान के साथ-साथ उसकी भी प्रशंसा करते है। सुबह की सैर के शौकीन इस उद्यान में दूर-दूर से आते है।

1) प्रश्नों के उत्तर दो:

क) उद्यान कब महक उठता है?

ख) उद्यान के बीच में क्या था?

ग) कोयल कहाँ कूकने लगती है?

घ) फूलों पर कौन मँडराता है?

2) शब्द-अर्थ : क) तारीफ़ ख) बाग

3) विलोम शब्द : क) बड़ा ख) शाम

4) गुनीराम कौन था?

5) गद्यांश में आए दो आधे अक्षर वाले शब्द लिखो।

Scanned with OKEN Scanner